अमर उजाला 05/02/2026

सेवा कार्यों से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित शिविर में मौजूद युवा। संस्थान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से खुड़ा कलां गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि जिला संघ संचालक अंबाला प्रदीप खेड़ा ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के कार्यों में निरंतर जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया और युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार तथा राष्ट्र हित में कार्य करने का संदेश दिया। शिविर की थीम यूथ फॉर माय भारत और डिजिटल साक्षरता रही। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने एनएसएस शिविर की सराहना की। कॉलेज में लीगल लिटरेसी सेल की ओर से प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया। संवाद